राजस्थान CET 12वीं स्तर 2022 (शिफ्ट VI, कोड 134F)

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

किस परिस्थिति में प्रतिजन - प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया होगी ?

(A) एक व्यक्ति जिसका रक्त समूह AB है उसे A रक्त समूह दिया जाए

(B) एक व्यक्ति जिसका रक्त समूह AB है उसे B रक्त समूह दिया जाए

(C) एक व्यक्ति जिसका रक्त समूह A है उसे O रक्त समूह दिया जाए

(D) एक व्यक्ति जिसका रक्त समूह O है उसे A रक्त समूह दिया जाए ✓

Q.2

पावर पाइंट प्रजेन्टेशन में __ फीचर चुने हुए ऑब्जेक्ट की प्रतिबिंब बना देता है।

(A) मिररिंग

(B) फ्लिपिंग ✓

(C) स्लाइडिंग

(D) रोटेटिंग

Q.3

'subscriber' के लिए सही तकनीकी शब्द का चयन कीजिए :

(A) आलेखीय

(B) प्रेषक

(C) अभिदाता ✓

(D) आलेख

Q.4

एक समचतुर्भुज का एक विकर्ण 12 सेमी है। यदि उसका क्षेत्रफल 30 सेमी^{2} है तो समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा की लम्बाई है -

(A) $6\frac{1}{2}$ सेमी ✓

(B) 13 सेमी

(C) $2\frac{1}{2}$ सेमी

(D) 5 सेमी

Q.5

निम्नलिखित में से कौन सा विषाणु फल चमगादड़ द्वारा फैलता है ?

(A) निपाह वायरस ✓

(B) डेंगू वायरस

(C) हेपेटाइटिस बी वायरस

(D) एच आई वी

Q.6

ऊतकों में डी. एन. ए. स्थानान्तरण की कणिका बंदूक विधि का सामान्य नाम है

(A) शॉटगन विधि ✓

(B) शॉटपुट विधि

(C) शॉटब्लास्ट विधि

(D) मिसाइल विधि

Q.7

मानवजाति में कितने लिंग गुणसूत्र पाये जाते हैं ?

(A) 1
(B) 2 ✓
(C) 3
(D) 4

Q.8

Choose the correct one word substitution from the given options :
A person who is uncivilized.

(A) Barber
(B) Barbadian
(C) Barbarian ✓
(D) Barbican

Q.9

इनपुट, स्टोरेज, प्रोसेस और आउटपुट के अलावा कंप्यूटर द्वारा किया जाने वाला पाँचवा ऑपरेशन कौन सा है ?

(A) कंट्रोल ✓
(B) डिस्प्ले
(C) डिबग
(D) मॉनिटर

Q.10

रोगाणु रोधक गुणों को प्रदान करने के लिए निम्नलिखित में से किसको साबुन में मिलाया जाता है?

(A) सोडियम लौरिल सल्फेट
(B) सोडियम डोडेसाइलबेन्जीन सल्फोनेट
(C) रॉजिन
(D) बाइथियोनल ✓

Q.11

कौनसा तथ्य संबल ग्राम योजना से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) एक वर्ष में एक गाँव के लिए अधिकतम ₹ 5.00 लाख
(B) आधारभूत सुविधाओं के विकास का कार्य
(C) 40% से अधिक अनुसूचित जाति की जनसंख्या वाले गाँवों का चयन
(D) राशि का ग्राम पंचायतों को आवंटन

Q.12

वृक्ष प्रमुख पारितंत्र का संख्या का पिरामिड...प्रकार का होता है-

(A) क्षैतिज
(B) झुका
(C) उल्टा ✓
(D) सीधा

Q.13

नीति आयोग का पूरा नाम है-

(A) नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर टेक्नीकल इंडिया

(B) नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसपैरेन्सी इंडिया

(C) नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर टैलेन्ट इंडिया

(D) नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉरमिंग इंडिया ✓

Q.14

$\tan 30^\circ \sin 45^\circ \sin 60^\circ \sin 90^\circ$ का मान है -

(A) $\frac{1}{2}$

(B) $2\sqrt{2}$

(C) $\frac{1}{2\sqrt{2}}$ ✓

(D) $\frac{\sqrt{2}}{2}$

Q.15

रक्त में उपस्थित हीमोग्लोबिन में पाया जाता है

(A) Ca

(B) Na

(C) Fe ✓

(D) Mg

Q.16

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.17

निम्नलिखित में 'भारी' अर्थ को प्रकट करने वाला शब्द है -

(A) रत्न

(B) नक्षत्र

(C) गुरु ✓

(D) मोती

Q.18

राजस्थान के देबारी गाँव में त्रिमुख बावड़ी का निर्माण किसने कराया ?

(A) रानी रामरस दे ✓

(B) रानी रूपलदे

(C) रानी भीमलदे

(D) उमादे भटियाणी

Q.19

राजस्थान की पहली सूती वस्त्र मिल कौन सी थी?

(A) दी कृष्णा मिल्स लिमिटेड ✓

(B) दी एडवर्ड मिल्स

(C) दी महालक्ष्मी मिल्स

(D) दी मेवाड़ टेक्सटाइल

Q.20

निम्नलिखित में से किसे कोलू (फलौदी) का प्रमुख वार्षिक मेला समर्पित है ?

(A) देवजी
(B) पाबुजी ✓
(C) गोगाजी
(D) रामदेवजी

Q.21

जब राजस्थान में पहली बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया, यहाँ राज्यपाल कौन थे?

(A) सरदार गुरमुख निहाल सिंह
(B) सरदार हुकुम सिंह
(C) सरदार जोगेन्द्र सिंह
(D) श्री संपूर्णानंद ✓

Q.22

चिल्का झील.... नदी के डेल्टा के दक्षिण में स्थित है।

(A) गोदावरी
(B) कृष्णा
(C) कावेरी
(D) महानदी ✓

Q.23

Which of the following is not a feature of a notice?

(A) Signature by authority
(B) Time, date and place
(C) Agenda
(D) Minutes ✓

Q.24

मुद्रा धातु की सबसे स्थायी ऑक्सीकरण अवस्था है

(A) Cu^{+}, Ag^{+}, Au^{+}
(B) Cu^{2+}, Ag^{+}, Au^{3+} ✓
(C) $Cu^{+2}, Ag^{+2}, Au^{+2}$
(D) Cu^{+2}, Ag^{+2}, Au^{+}

Q.25

ट्रांसफ्यूजन के लिए रक्त को कितने दिन तक संग्रहित किया जा सकता है ?

(A) 10-20 दिन तक
(B) 35-45 दिन तक ✓
(C) 45-60 दिन तक
(D) तीन महीने तक

Q.26

नीचे दी गई श्रेणी में ऐसे कितने @ चिह्न हैं जिसके ठीक पहले चिह्न # तथा ठीक बाद में चिह्न + है? @ # + @ # = \times @ \% \ # \ @ + \in \ # \ @ + \times + @ \# @ + \$ \% =

(A) 3 ✓
(B) 5
(C) 6
(D) 7

Q.27

निम्नांकित में से कौन लोकसभा द्वारा पारित धन विधेयक की एक प्रति राज्यसभा को भेजते समय, पृष्ठांकित करता है ?

(A) वित्तमंत्री
(B) लोकसभा का महासचिव
(C) लोकसभाध्यक्ष ✓
(D) संसदीय कार्य मंत्री

Q.28

एम एस एक्सल में डेट फंक्शन का प्रयोग होता है

(A) आज की तारीख दिखाने के लिए
(B) समय प्राप्त करने के लिए
(C) सिर्फ दिन में दिनों को जोड़ने के लिए
(D) सालों, महीनों व दिनों को जोड़ने के लिए ✓

Q.29

क्रिक के अनुसार, आनुवंशिक सूचनाएं केन्द्रक से बाहर की ओर __ प्रवाह द्वारा प्रदत्त होती है।

(A) एक पथीय ✓
(B) चक्रीय
(C) द्वि पथीय
(D) प्रतिलोम

Q.30

राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग की पहली महिला अध्यक्ष कौन थीं?

(A) कान्ता कुमारी भटनागर ✓
(B) प्रभा ठाकुर
(C) नगेन्द्र कुंवर
(D) ऊषा मीणा

Q.31

Translate into English : ईश्वर सर्वशक्तिमान है।

(A) God is omnipresence.
(B) God is omnipotent. ✓
(C) God is omnibenevolence.
(D) God is omnicompetent.

Q.32

एक घड़ी का क्रय मूल्य (cost price) रु. 530 है। यदि हानि प्रतिशत 24% हो तो हानि (loss) का मान (रुपयों में) क्या है?

(A) 114
(B) 112.2
(C) 114.2
(D) 127.2 ✓

Q.33

राजस्थान में 2011 में भारत की कितनी प्रतिशत जनसंख्या थी?

(A) 5.55%
(B) 5.66% ✓
(C) 6.55%
(D) 10.41%

Q.34

भारत में पहला कंप्यूटर स्थापित हुआ था :

(A) सामाजिक विज्ञान संस्थान, आगरा में
(B) इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्टैटिस्टिक्स, दिल्ली में
(C) भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता में ✓
(D) भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में

Q.35

√(913099 + √(700569)) का मान है

(A) 976
(B) 946
(C) 956 ✓
(D) 966

Q.36

'एकांकी' शब्द में कौनसा समास है?

(A) द्वन्द्व समास
(B) द्विगु समास ✓
(C) बहुब्रीहि समास
(D) अव्ययीभाव समास

Q.37

विभिन्न प्रकार की रासायनिक अभिक्रियायें हैं
(i) रासायनिक संयोजन
(ii) अपघटन
(iii) विस्थापन
(iv) द्वि-अपघटन
निम्नलिखित अभिक्रियायें किस श्रेणी के अंतर्गत आती है?
(a) आयरन + वाष्प $\rightarrow$ आयरन ऑक्साइड + हाइड्रोजन
(b) सोडियम क्लोराइड + सिल्वर नाइट्रेट $\rightarrow$ सोडियम नाइट्रेट + सिल्वर क्लोराइड

(A) (a) - (iii), (b) - (iv) ✓
(B) (a) - (ii), (b) - (iv)
(C) (a) - (iii), (b) - (i)
(D) (a) - (iv), (b) - (iii)

Q.38

'रेजांग ला' युद्ध स्मारक स्थित है -

(A) लद्दाख में ✓
(B) नागालैंड में
(C) सिक्किम में
(D) अरुणाचल प्रदेश में

Q.39

"घड़ियाल" के संरक्षण के लिए राजस्थान राज्य में कौन सा अभयारण्य स्थापित किया गया है?

(A) जयसमन्द अभयारण्य
(B) नाहरगढ़ अभयारण्य
(C) चम्बल अभयारण्य ✓
(D) मुकंदरा पहाड़ियां अभयारण्य

Q.40

अवलतल लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन सदैव होता है :

(A) 1 से ज्यादा
(B) 1 के बराबर
(C) 1 से कम ✓
(D) 1 से ज्यादा या 1 से कम

Q.41

___ जयपुर का परंपरागत शिल्प है।

(A) थेवा कार्य
(B) ऊनी खादी
(C) पेन्टिंग्स
(D) ब्लू पॉटरी ✓

Q.42

यदि समीकरण $(1+t)^2 x^2 + 2tcx+(c^2 - a^2) = 0$ के मूल समान हैं, तो निम्नलिखित में से कौनसा सत्य हैं?

(A) t ^ 2 = c ^ 2 (1+a^2)

(B) a ^ 2 = c ^ 2 (1 + t ^2)

(C) t ^ 2 = a ^ 2 (1+c ^2)

(D) c ^ 2 = a ^ 2 (1+t^2) ✓

Q.43

एक सुकेंद्रिक कोशिका में गुणसूत्रों की संख्या एवं आकृति ____ कहलाती है।

(A) केन्द्रकप्ररूप

(B) जाइलोप्ररूप

(C) गुणसूत्रप्ररूप ✓

(D) नवप्ररूप

Q.44

निम्न में से कौनसी संस्था राजस्थान के औद्योगिक विकास को गति देने वाली शीर्ष संस्था है?

(A) राजस्थान वित्त निगम

(B) रीको ✓

(C) राजसीको

(D) नाबार्ड

Q.45

कुवलयमाला नामक कथा संग्रह में कितनी देशी भाषाओं के नामों का उल्लेख हुआ है ?

(A) 15

(B) 16

(C) 17

(D) 18 ✓

Q.46

Change the following sentence into indirect speech:
"We wish we didn't have to take exams." said the children.

(A) The children said they wish they didn't have to take exams.

(B) The children said they wished they do not have to take exams.

(C) The children said they wish they do not had to take exams.

(D) The children said that they wished they didn't have to take exams. ✓

Q.47

प्रसिद्ध आदिवासी मेला 'वेणेश्वर' राजस्थान के किस जिले में आयोजित होता है?

(A) कोटा

(B) बांसवाड़ा

(C) प्रतापगढ़

(D) डूंगरपुर ✓

Q.48

निम्नलिखित में से 'तालव्य' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?

(A) व्य
(B) लव्य
(C) य ✓
(D) ता

Q.49

कौन-सा शब्द 'चाँदी' का पर्याय नहीं है ?

(A) हिरण्य ✓
(B) रजत
(C) रूपक
(D) रौप्य

Q.50

सरसों पादप <ब्रासिका> के किस भाग से सरसों तेल निष्कासित होता है ?

(A) पूर्ण पादप
(B) पुष्प
(C) अण्डाशय
(D) बीज ✓

Q.51

Choose the correct passive form of the given sentence:
Close the door!

(A) Let the door be closed. ✓
(B) You should close the door.
(C) Let the door be close.
(D) Let us close the door.

Q.52

निम्नांकित में से कौन पद्म भूषण पुरस्कार, 2022 के साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पुरस्कृत नहीं हुए हैं ?

(A) प्रतिभा रे
(B) स्वामी सच्चिदानन्द
(C) वशिष्ठ त्रिपाठी
(D) नटराजन चन्द्रशेखरन ✓

Q.53

10 से.मी. लंबाई की त्रिज्या वाले किसी वृत्त की त्रिज्याओं के मध्य-बिन्दुओं का बिंदुपथ है –

(A) 15 से.मी. त्रिज्या का एक वृत्त
(B) 10 से.मी. त्रिज्या का एक वृत्त
(C) 5 से.मी. त्रिज्या का एक संकेन्द्री वृत्त ✓
(D) वृत्त का व्यास

Q.54

पावर पॉइंट में आउटलाइन टैब का प्रयोग ____ व्यू करने में आता है।

(A) केवल स्लाइड पिक्चर्स
(B) केवल स्लाइड टेक्स्ट ✓
(C) स्लाइड के पिक्चर्स व टेक्स्ट दोनों
(D) केवल ब्लैंक स्लाइड

Q.55

प्रथम 10 अभाज्य संख्याओं की माध्यिका है-

(A) 11
(B) 12 ✓
(C) 13
(D) 14

Q.56

'शावक' शब्द का सही संधि-विच्छेद होगा -

(A) शो + अक
(B) शो + आक
(C) शौ + अक ✓
(D) शौ + आक

Q.57

निम्नलिखित में कौनसे लोकदेवता की माता मैणादे थी ?

(A) मल्लिनाथ जी
(B) पाबूजी
(C) रामदेवजी ✓
(D) गोगाजी

Q.58

राजस्थान में कौन सा स्थान कपिल मुनि से संबंधित है ?

(A) जोधपुर
(B) नागौर
(C) कोलायत ✓
(D) संभर

Q.59

राजस्थान में निम्न में से किस किस्म का कोयला पाया जाता है-

(A) बिटुमिनस
(B) एन्थ्रेसाइट
(C) लिग्नाइट ✓
(D) उपरोक्त सभी

Q.60

मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना को ____ से लाँच किया गया था।

(A) 2011
(B) 2013 ✓
(C) 2015
(D) 2016

Q.61

'गंगाधर' में कौनसा समास है?

(A) बहुव्रीहि ✓
(B) द्विगु
(C) कर्मधारय
(D) तत्पुरुष

Q.62

निम्नलिखित राष्ट्रीय उद्यानों में से कौन सा मध्य प्रदेश में स्थित है ?

(A) मानस
(B) बांधवगढ़ ✓
(C) केवलादेव
(D) बेतला

Q.63

किस आयोग की सिफारिश पर माउण्ट आबू एवं अजमेर मेरवाड़ा का विलय राजस्थान में किया?

(A) वी.पी. मेनन आयोग
(B) राजस्थान पुनर्गठन आयोग ✓
(C) राजस्थान संयुक्त आयोग
(D) वल्लभभाई पटेल आयोग

Q.64

राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जम्बूरी, 2023 की मेजबानी किस शहर द्वारा की गई थी?

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) पाली ✓
(D) उदयपुर

Q.65

अरिट्टापट्टी तथा मीनाक्षीपुरम् गाँव की जैव विविधता धरोहर स्थल .... में है।

(A) आन्ध्रप्रदेश
(B) कर्नाटक
(C) केरल
(D) तमिलनाडु ✓

Q.66

यदि $\sqrt{3} = 1.732$ तो $\left(\sqrt{147} - \frac{1}{4}\sqrt{48} - \sqrt{75}\right)$ बराबर है

(A) 5.196
(B) 3.464
(C) 1.732 ✓
(D) 0.866

Q.67

स्पीकर प्रोटेम को शपथ कौन दिलाता है?

(A) मुख्यमंत्री
(B) राज्यपाल ✓
(C) राज्य विधानसभा का वरिष्ठतम सदस्य
(D) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

Q.68

'DPI' है

(A) डॉट्स प्रति इंच ✓
(B) (प्रति इकाई अंक) डिजिट्स प्रति यूनिट
(C) डॉट्स पिक्सेल इंच
(D) (प्रति इंच आरेख) डाईग्राम्स प्रति इंच

Q.69

पानी में अस्थायी कठोरता का कारण है

(A) सोडियम बाइकार्बोनेट
(B) मैग्नीशियम बाइकार्बोनेट ✓
(C) कैल्शियम क्लोराइड
(D) सोडियम सल्फेट

Q.70

यदि निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार व्यवस्थित किया जाए तो कौन-सा शब्द आखिरी में आएगा ?
Drank, Drake, Draper, Drastic, Drama

(A) Drank
(B) Draper
(C) Drastic ✓
(D) Drama

Q.71

निम्नलिखित जानकारी पर ध्यान दीजिए :
"when" का अर्थ है '×', "you" का अर्थ है '÷', "come" का अर्थ है '-' तथा "will" का अर्थ है '+', तो " 8 when 12 will 16 you 2 come 18" का मान ज्ञात कीजिए।

(A) 82
(B) 86 ✓
(C) 94
(D) 98

Q.72

छोटे द्वारक के गोलीय दर्पण के लिए, वक्रता त्रिज्या (R) और फोकल दूरी (f) के बीच संबंध है :

(A) $R = 2f$ ✓

(B) $R = 3f$

(C) $R = f/2$

(D) $R = f$

Q.73

राजस्थान सरकार की अनुप्रति योजना अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है

(A) विवाह के लिये

(B) व्यापार के लिये

(C) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये ✓

(D) घर बनाने के लिये

Q.74

Complete the following sentence by choosing the correct tense form from the given options :
He gave the picture to me because he __ me.

(A) trusted ✓

(B) trusting

(C) has trust

(D) will trusted

Q.75

Which one of the following is an antonym of 'Admission'?

(A) Concession

(B) Allowance

(C) Denial ✓

(D) Caution

Q.76

'<u>जिसकी</u> लाठी <u>उसकी</u> भैंस' रेखांकित पदों में सर्वनाम है -

(A) निश्चयवाचक

(B) निजवाचक

(C) पुरुषवाचक

(D) संबंधवाचक ✓

Q.77

गर्भवती महिला में सामान्य हीमोग्लोबिन स्तर है -

(A) 10 ग्रा./डेसीलीटर

(B) 11 ग्रा./डेसीलीटर ✓

(C) 12 ग्रा./डेसीलीटर

(D) 13 ग्रा./डेसीलीटर

Q.78

'कलई खुलना' मुहावरे का सही अर्थ है -

(A) धोखा देने वाला साथी
(B) क्रोध भड़काना
(C) अप्रिय लगना
(D) भेद खुल जाना ✓

Q.79

शीट के सेल कंटेंट को एडिट करने के लिए कौन सी फंक्शन की प्रयुक्त की जाती है ?

(A) F1
(B) F2 ✓
(C) F3
(D) F4

Q.80

यदि $A : B = 2 : 3, B : C = 4 : 5, C : D = 6 : 7$ तो $A : B : C : D$ है

(A) $16 : 22 : 30 : 35$
(B) $16 : 24 : 30 : 35$ ✓
(C) $16 : 24 : 15 : 35$
(D) $16 : 22 : 15 : 35$

Q.81

कृष्णा नदी का उद्गम निम्नलिखित स्थानों में से किसके निकट है?

(A) नासिक
(B) वर्धा
(C) प्रवारा
(D) महाबलेश्वर ✓

Q.82

दो घनों, जिनमें प्रत्येक का आयतन $27\ \text{cm}^3$ है, के संलग्न फलकों को मिलाकर एक ठोस बनाया जाता है। इससे बनने वाले घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या है ?

(A) 90 वर्ग सेमी ✓
(B) 81 वर्ग सेमी
(C) 45 वर्ग सेमी
(D) 60 वर्ग सेमी

Q.83

डिजिटल सर्किट किस से बनता है ?

(A) लॉजिक गेट ✓
(B) डायोड
(C) सीमॉस
(D) सेमी-कंडक्टर

Q.84

मल्टी कॉलम डॉक्यूमेंट बनाने के लिए कौन सा बटन प्रयोग किया जाता है ?

(A) ब्रेक कॉलम
(B) मल्टी कॉलम
(C) कॉलम ✓
(D) सेट कॉलम

Q.85

जिस स्थिति में रेटिना के पीछे प्रतिबिंब बनता है, उसे कहते हैं:

(A) दूरदृष्टि दोष ✓
(B) निकट दृष्टि दोष
(C) जरा-दूरदृष्टि दोष
(D) दृष्टिवैषम्य दोष

Q.86

निम्नलिखित में से कौनसा संघनन बहुलक नहीं है?

(A) डेक्रोन
(B) मेलेमाइन
(C) नियोप्रीन ✓
(D) गिलप्टल

Q.87

सुधा सिंह, (ओलंपिक खिलाड़ी) जिन्होंने हाल ही में संन्यास की घोषणा की, किस खेल से जुड़ी हुई हैं ?

(A) बैडमिन्टन
(B) क्रिकेट
(C) एथलेटिक्स ✓
(D) हॉकी

Q.88

शुद्ध शब्द का चयन कीजिए -

(A) त्रिपुरारी
(B) नूपुर ✓
(C) पड़ोसी
(D) परिक्षा

Q.89

यदि $\sec\theta + \tan\theta = x$, तो $\frac{x^2-1}{x^2+1}$ है -

(A) $\sec\theta$
(B) $\tan\theta$
(C) $\cos\theta$
(D) $\sin\theta$ ✓

Q.90

'छेलो शो' एक __ फिल्म है।

(A) मलयाली
(B) गुजराती ✓
(C) मराठी
(D) बंगाली

Q.91

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.92

किस सभ्यता में मकान एवं बस्तियाँ बनाने में ईंटों का प्रयोग नहीं होता था?

(A) कालीबंगा
(B) आहड़
(C) गणेश्वर ✓
(D) बैराठ

Q.93

राजस्थान के बजट 2022-23 में मरु क्षेत्र में राजस्थान जल क्षेत्र पुनर्संरचना परियोजना के लिए कितना परिव्यय आवंटित किया गया है?

(A) ₹ 300 करोड़
(B) ₹ 500 करोड़
(C) ₹ 600 करोड़ ✓
(D) ₹ 800 करोड़

Q.94

दी गई संख्या श्रेणी का अगला पद है -

$$\sqrt{0.1}, 0.1, 0.1\sqrt{0.1}, 0.01, ?$$

(A) $0.01\sqrt{0.1}$ ✓
(B) $0.01\sqrt{0.01}$
(C) $0.1\sqrt{0.01}$
(D) $\sqrt{0.01}$

Q.95

निम्नलिखित में से किस संस्कृति को 'बनास संस्कृति' भी कहा जाता है?

(A) आहड़ संस्कृति ✓
(B) रैंड संस्कृति
(C) दृषद्वती संस्कृति
(D) बैराठ संस्कृति

Q.96

'पेरियार टाइगर रिजर्व' भारत के किस राज्य में स्थित है?

(A) केरल ✓
(B) गुजरात
(C) तमिलनाडु
(D) कर्नाटक

Q.97

Choose the appropriate determiner to complete the sentence.

There were ____ people on the beach, so we weren't completely alone.

(A) a few ✓
(B) fewer
(C) fewest
(D) very little

Q.98

पूर्ण आंतरिक परावर्तन कब होता है?

(A) आपतन कोण 90° से अधिक है
(B) आपतन कोण अपवर्तन कोण से अधिक है
(C) अपवर्तन कोण 90° से अधिक है ✓
(D) आपतन कोण 90° के बराबर है

Q.99

राजस्थान के छठे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं ?

(A) प्रद्युमन सिंह ✓
(B) ज्योति किरण
(C) अशोक लाहोटी
(D) बी डी कल्ला

Q.100

जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआई) 2023 में भारत 63 में से __ स्थान पर है।

(A) छठे
(B) सातवें
(C) आठवें ✓
(D) नौवें

Q.101

स्त्रियों द्वारा 'बोरला' आभूषण __ पर पहना जाता है।

(A) हाथ
(B) कमर
(C) पैर
(D) सिर ✓

Q.102

राजस्थान के कितने शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2022' से सम्मानित किया गया ?

(A) 1
(B) 2 ✓
(C) 3
(D) 4

Q.103

गागरोण का युद्ध किसके मध्य लड़ा गया था ?

(A) महमूद खिलजी प्रथम और महाराणा कुम्भा
(B) महमूद खिलजी द्वितीय और मेदिनी राय
(C) महमूद खिलजी प्रथम और ईडर का रायमल
(D) महमूद खिलजी द्वितीय और महाराणा सांगा ✓

Q.104

'Authentication' शब्द का हिन्दी समानार्थक शब्द है -

(A) प्रमाणित
(B) प्रामाणिक
(C) सही
(D) प्रमाणीकरण ✓

Q.105

शब्द पारिस्थितिकी तन्त्र को सर्वप्रथम दिया है

(A) ओडम
(B) आर. मिश्रा
(C) क्लीमेन्ट
(D) ए. जी. टेन्सले ✓

Q.106

'राव जैतसी रो छंद' के लेखक कौन थे ?

(A) जी.एच.ओझा
(B) बीठू सूजा ✓
(C) बांकीदास
(D) नरपति नाल्ह

Q.107

बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना __ में की जाएगी।

(A) जयपुर ✓
(B) अलवर
(C) जोधपुर
(D) कोटा

Q.108

निम्नलिखित श्रेणी में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :
6, 10, 18, 34, 66, ?

(A) 98
(B) 128
(C) 130 ✓
(D) 132

Q.109

वर्ष 1957 में अन्तरिक्ष में भेजा गया पहला मानव निर्मित उपग्रह है :

(A) स्पूतनिक-I ✓
(B) रोहिणी-I
(C) आर्यभट्ट-I
(D) आइ. आर. एस.-I

Q.110

Choose the correct synonyms of the following word:
Concise

(A) Reduce
(B) Brief ✓
(C) Long
(D) Certain

Q.111

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या समूह का चयन कीजिए जो संख्या समूह (5, 25, 7) के समान हो।

(A) (6, 36, 12)
(B) (8, 64, 11) ✓
(C) (9, 81, 10)
(D) (7, 49, 13)

Q.112

विश्व का सबसे बड़ा नदीय द्वीप 'माजुली' किस नदी में अवस्थित है?

(A) ब्रह्मपुत्र ✓
(B) सिन्धु
(C) अमेजन
(D) गोदावरी

Q.113

गर्मियों के मौसम में चलने वाली स्थानीय गर्म हवा 'लू' क्या है?

(A) वनस्पति
(B) मानसून हवाएं
(C) गर्मियों की स्थानीय गर्म हवा ✓
(D) उद्योग

Q.114

'प्रेरणार्थक क्रिया' है -

(A) हँसना
(B) उठना
(C) चलना
(D) दिलाना ✓

Q.115

अकाल के लिए प्रसिद्ध दोहे में 'पग पूंगल' के नाम से राजस्थान के कौनसे जिले की ओर संकेत किया गया है?

(A) जोधपुर
(B) नागौर
(C) गंगानगर
(D) बीकानेर ✓

Q.116

$2.3\overline{4}$ का मान है

(A) $\frac{234}{90}$
(B) $\frac{234}{99}$
(C) $\frac{211}{90}$ ✓
(D) $\frac{211}{99}$

Q.117

Choose the correct preposition to fill in the blank space.
I must apologise ___ being late, my car broke down.

(A) with
(B) upon
(C) to
(D) for ✓

Q.118

भारत में पठारी क्षेत्र लगभग है-

(A) 43%
(B) 30%
(C) 56%
(D) 27% ✓

Q.119

$\triangle ABC \sim \triangle PQR$ यदि उनके क्षेत्रफल क्रमशः 25 सेमी^{2} और 36 सेमी^{2} हों। यदि $AB = 2.5$ सेमी है, तब PQ है-

(A) 2 सेमी
(B) 3.0 सेमी ✓
(C) 3.5 सेमी
(D) 3.6 सेमी

Q.120

एक लड़के की वर्तमान आयु अपनी माता की आयु की एक तिहाई है। यदि माता की वर्तमान आयु x वर्ष है, 15 वर्ष पश्चात लड़के की आयु होगी -

(A) $\frac{x+15}{3}$
(B) $\frac{x}{3} + 15$ ✓
(C) $x + 5$
(D) $\frac{x}{3} - 15$

Q.121

किशनगढ़ शैली ___ के लिए प्रसिद्ध है।

(A) मंदिर कला
(B) चित्रकला ✓
(C) मार्शल आर्ट
(D) मूर्ति कला

Q.122

___ नासा व इसरो के मध्य दोहरी आवृत्ति संश्लिष्ट द्वारक राडार उपग्रह प्रक्षेपण करने के लिए एक संयुक्त परियोजना है।

(A) आरआईएसएटी-1 ए
(B) निसार ✓
(C) जीसेट-11
(D) जीसेट-12

Q.123

बड़ली औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना निम्नलिखित में से किस जिले में की जाएगी?

(A) जोधपुर
(B) अजमेर ✓
(C) जयपुर
(D) अलवर

Q.124

अशोका लीलैंड का कारखाना स्थित है।

(A) जोधपुर
(B) कोटा
(C) जयपुर
(D) अलवर ✓

Q.125

भारत में किशोरियों में सबसे आम देखा जाने वाला पोषण संबंधी विकार है -

(A) स्कर्वी
(B) पेलाग्रा
(C) बेरीबेरी
(D) रक्ताल्पता ✓

Q.126

राज्यपाल के विशेष अभिभाषण का प्रावधान भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?

(A) अनुच्छेद 166
(B) अनुच्छेद 174
(C) अनुच्छेद 175
(D) अनुच्छेद 176 ✓

Q.127

कार्यालयी पत्र में निम्नलिखित में से क्या नहीं लिखा जाता ?

(A) संदर्भ
(B) संबोधन - महोदय/मान्यवर
(C) पत्र भेजने वाले अधिकारी के घर का नाम - पता ✓
(D) स्वनिर्देश - भवदीय

Q.128

चीनी के भाव में 25 प्रतिशत वृद्धि हो जाने से कोई गृहणी अपनी खपत में कितने प्रतिशत कमी कर दे ताकि खर्च पर कोई प्रभाव न पड़ें।

(A) 20% ✓
(B) 25%
(C) 30%
(D) 35%

Q.129

कौन-सा मृदा का मुख्य घटक नहीं है?

(A) खनिज
(B) ह्यूमस
(C) लवण ✓
(D) जल

Q.130

निम्न में से कौनसा कथन पंचायती राज्य संस्थाओं के बारे में सत्य नहीं है?

(A) सर्वप्रथम राजस्थान में पंचायती राज व्यवस्था की शुरूआत हुई।
(B) 73वाँ संविधान संशोधन 1992 में लागू हुआ।
(C) ग्यारहवीं अनुसूची में कुल 29 विषय है।
(D) ग्राम पंचायत में चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष है। ✓

Q.131

'प्रचण्ड' जिसे हाल ही में शामिल किया गया था, एक __ है।

(A) हवा से ज़मीन पर मार करने वाली मिसाईकल
(B) ज़मीन से हवा में मार करने वाली मिसाईकल
(C) हेलीकॉप्टर ✓
(D) लड़ाकू विमान

Q.132

मयंक ₹ 8,000 एक बॉन्ड में चक्रवृद्धि ब्याज हेतु जिसमें ब्याज अर्धवार्षिक देय है, निवेशित करता है। वह 18 माह पश्चात् ₹ 10648 प्राप्त करता है तो प्रति वर्ष ब्याज की दर है -

(A) 15%
(B) 17.5%
(C) 20% ✓
(D) 25%

Q.133

'मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना, 2022' का सम्बन्ध है -

(A) नए ई-मित्र स्थापित करने से

(B) नि:शुल्क ऑनलाइन कोचिंग से

(C) महिलाओं के लिए नि:शुल्क मोबाइल फोन से ✓

(D) कमजोर वर्गों हेतु नि:शुल्क कम्प्यूटर कोर्सेज से

Q.134

1946 में राजस्थान से भारत की संविधान निर्मात्री सभा में कितने सदस्य थे ?

(A) 11 ✓

(B) 10

(C) 9

(D) 7

Q.135

राजस्थान में पहला गैस थर्मल पावर प्लांट कहाँ स्थित है ?

(A) अंता

(B) रामगढ़ ✓

(C) कोटा

(D) बालोतरा

Q.136

राजस्थान में सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उपक्रम नीति , 2022 के अनुसार कितने नये औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने का प्रावधान किया गया था।

(A) 147 ✓

(B) 150

(C) 144

(D) 138

Q.137

____ को पराजित कर प्रतिहारों ने भीनमाल के राज्य पर अधिकार प्राप्त किया।

(A) चौहानों

(B) चावड़ाओं ✓

(C) गुहिलों

(D) भाटियों

Q.138

Read the following short story and answer the question that follows :
There were once two brothers who lived on the edge of a forest. The elder brother was very mean to his younger brother and ate up all the food and took all his good clothes. One day, the elder brother went into the forest to find some firewood to sell in the market. As he went around chopping the branches of a tree after tree, he came upon a magical tree. The tree said to him, 'Oh kind sir, please do not cut my branches. If you spare me, I will give you my golden apples'. The elder brother agreed but was disappointed with the number of apples the tree gave him. Greed overcame him, and he threatened to cut the entire trunk if the tree didn't give him more apples. The magical tree instead showered upon the elder brother hundreds upon hundreds of tiny needles. The elder brother lay on the ground crying in pain as the sun began to lower down the horizon.
The younger brother grew worried and went in search of his elder brother. He found him with hundreds of needles on his skin. He rushed to his brother and removed each needle with painstaking love. After he finished, the elder brother apologized for treating him badly and promised to be better. The tree saw the change in the elder brother's heart and gave them all the golden apples they could ever need.
Q. The above story teaches you to be :

(A) great and ambitious
(B) disciplined
(C) covetous
(D) kind and gracious ✓

Q.139

निम्नलिखित में से किस शहर में विश्व वानिकी उद्यान स्थित है।

(A) जयपुर ✓
(B) जोधपुर
(C) उदयपुर
(D) प्रतापगढ़

Q.140

निम्नलिखित में से कौनसा लोक नृत्य भीलों में लोकप्रिय है ?

(A) गीदड़ नृत्य
(B) चंग नृत्य
(C) गवरी नृत्य ✓
(D) ढोल नृत्य

Q.141

इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2019 के अनुसार वर्ष 2017 की तुलना में... राज्य (केन्द्र शासित प्रदेश नहीं) में वन क्षेत्र में सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है?

(A) कर्नाटक
(B) आन्ध्र प्रदेश
(C) असम
(D) केरल ✓

Q.142

निम्न में से कौनसा एक ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर नहीं है?

(A) एडोब फोटोशोप ✓
(B) फायरफॉक्स
(C) वर्ड प्रेस
(D) लिब्रे ऑफिस

Q.143

अंतर्राज्य परिषद् के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को देखें :
1. अंतर्राज्य परिषद् की स्थापना अनुच्छेद 263 के अंतर्गत हुई।
2. सारे राज्यों के मुख्यमंत्री उसके सदस्य हैं।
3. इसकी स्थापना राजमन्नार समिति की अनुशंसा पर हुई।
4. यह एक स्थायी संवैधानिक निकाय है।
सही कूट चुनिये ।

(A) 1, 2, 3, 4
(B) 1, 2 ✓
(C) 3, 4
(D) 1, 4

Q.144

हाड़ौती सेवा संघ की स्थापना किसने की ?

(A) मणिक्यलाल वर्मा
(B) नयनूराम शर्मा ✓
(C) भूप सिंह
(D) भोगीलाल पांड्या

Q.145

निम्नलिखित में से किसने चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार 2022 जीता ?

(A) एडेम पाटापाउटियन
(B) डेविड जूलियस
(C) स्वान्ते पाबो ✓
(D) एमिल वॉन बैहरिंग

Q.146

कौनसा एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है?

(A) विंडोज एन टी
(B) उबन्दु
(C) ऑटोकैड ✓
(D) एंड्रॉयड

Q.147

पीएम श्री योजना का उद्देश्य निम्नलिखित में से किस एक का उन्नयन तथा विकास करना है?

(A) विश्वविद्यालय
(B) अनाथालय
(C) अस्पनाल
(D) स्कूल ✓

Q.148

2021-22 में राजस्थान के कितने जिले अकाल से प्रभावित हुए ?

(A) 9
(B) 10
(C) 11
(D) 12 ✓

Q.149

निम्न में से कौनसा कथन राजस्थान की ब्लॉक छपाई के बारे में सही नहीं है ?

(A) यह राजस्थान का एक प्राचीन शिल्प रूप है।
(B) इसे सूती कपड़े पर किया जाता है।
(C) इसकी प्रक्रिया की शुरुआत 12वीं सदी से हुई थी।
(D) इसमें प्राकृतिक रंगों का उपयोग नहीं किया जाता है। ✓

Q.150

एक आदमी प्रथम 4 माह में औसतन ₹1800 प्रतिमाह खर्च करता है। वह अगले 8 माह में औसतन ₹2000 प्रतिमाह खर्च करता है। वर्ष के अन्त में वह ₹5600 बचा लेता है, तो उसकी मासिक आय है -

(A) ₹2200
(B) ₹2400 ✓
(C) ₹2600
(D) ₹2800



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in